दिनांक 15 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने ली जोनवार विभागीय कार्यों की समीक्षा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं जनता से जुड़े हुए प्रमुख मुद्दों के विषय में समस्त जोन क्षेत्र की जोनवार समीक्षा बैठक महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने ली!

दोपहर 1:00 बजे से 5:30 बजे तक चली बैठक में अलग-अलग जोन की बारी-बारी से समीक्षा की गई! श्री यादव ने समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें, शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों को निविदा प्रक्रिया मे लाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करावे , बीएसपी प्रबंधन को अनापत्ति के लिए प्रेषित किए गए कार्यों की सूची की भी जानकारी प्राप्त की एवं स्वयं अपने स्तर पर चर्चा करने की बात कही, उन्होंने कहा कि जिन कार्यों का भूमिपूजन किया जाना है उन्हें शीघ्रता से करावे तथा जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं उन्हें जनता को सौंपने में देरी ना करें , छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं! सफाई के संबंध में जोन आयुक्तों को कहा कि गली मोहल्लों की नालों की सफाई , चौक चौराहों की सफाई, सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कलेक्शन नियमित रूप से करावे साथ ही जल प्रदाय के लिए डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन का कार्य जल्द ही पूर्ण करें कोई भी क्षेत्र इससे वंचित ना हो इसका भी ध्यान रखें! जोन के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मौसमी बीमारी से बचाव के रोकथाम,सफाई व्यवस्था, निर्माण एवं विकास कार्य के बारे में जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि सफाई से संबंधित सारे कार्य समय पर हो!

जनसंपर्क अधिकारी